# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, दैनिक जागरण,ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, राष्ट्रीय सहारा,न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 20.04.2025

### 6.15 करोड़ रुपये से बनेगा फुटबॉल स्टेडियम

**वाराणसी।** जिले का पहला फुटबॉल स्टेडियम शिवपुर में बनेगा। इसका निर्माण कोलकाता के फुटबॉल स्टेडियम की तर्ज पर 6.15 करोड़ की लागत से वाराणसी विकास प्राधिकरण कराएगा। स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड, चेंजिंग रूम, शौचालय और जिम बनेगा। इसे फुटबॉल खिलाड़ियों खेल को बढ़ाने वाला कदम बताया है। पहले सिगरा स्टेडियम में फुटबॉल मैदान था, लेकिन अब वहां अभ्यास मैच ही कराए जा सकेंगे। संवाद

### बनारस को जल्द मिलेगा संगीत पाथवे

**वाराणसी।** फुलवरिया तिराहा से सेंटर जेल की दीवार के बराबर में शिवपुर में लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबाई क्षेत्र में 15 फीट चौड़ी बन रहे संगीत पाथवे का लगभग 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के वीसी पुलकित गर्ग एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं के साथ बन रहे इस संगीत पाथवे का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस संगीत पाथवे पर देश-विदेश में मशहूर बनारस घराने बड़े-बड़े संगीतज्ञों के चित्र बने हैं और उसे पर उनके जीवन चरित्र लिखे गए हैं। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 20.04.2025

### जोन 3 ने जारी किए सबसे ज्यादा मानचित्र

**वाराणसी।** वीडीए की जोन तीन टीम ने सबसे अधिक मानचित्र (18) जारी किए और जोन चार ने सबसे अधिक रुपये (1,60,74,189) जमा कराए। इस पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि जोन एक ने 9 मानचित्र स्वीकृत कराए और जोन दो ने 10 मानचित्र जारी किए। जोन चार ने 14 मानचित्र स्वीकृत किए गए। वहीं जोन पांच ने 12 मानचित्र स्वीकृत किए गए। ब्यूरो

आज–दि0 20.04.2025

## अच्छे कार्य के लिए अधिकारियों को मिला प्रशस्ति पत्र

विकास प्राधिकरण के सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्र ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। इसमें जोन-३ में सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृत कराने और जोन चार में लक्ष्य से ज्यादा वसूली करने पर जोनल अधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। जोन-१ में स्वीकृत मानचित्र-९ जमा राशि ८९ लाख ८९ हजार ९०८ जोन-२ में मानचित्र-१० जमा राशि ८५ लाख २५ हजार २१ रुपया। जोन-३ में स्वीकृत मानचित्र-१८ जमा राशि एक करोड़ ६० लाख ४४ हजार ५४३ वहीं जोन-४ में १४ मानचित्र स्वीकृत किया गया जिससे विप्रा के कोश में एक करोड़ ६० लाख ७४ हजार १८९ रुपया जमा किया गया। जबकि जोन-५ में १२ मानचित्र स्वीकृत किया गया और ५० लाख २१ हजार ६७८ राशि जमा की गयी। इस अवसर पर सचिव ने कहा कि अच्छे काम करने वाले अधिकारी और अभियंता सम्मानित होंगे साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

आज–दि0 20.04.2025

## एक मुश्त राशि जमा करने पर पांच प्रतिशत की मिलेगी छूट

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूमि क्रय करने वाले लोगों को एक माह में समस्त धनराशि चुकता करने पर पांच प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। हालांकि कई आवंटियों ने शिकायत किया कि सार्वजनिक अवकाश पर कार्यालय बंद होने से भुगतान करने में दिक्कत होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष ने पांच प्रतिशत की भी घोषणा की है। सम्पूर्ण धनराशि जमा करने वालोंको सात दिन की वृद्धि की छूट दी जाती है। इस निर्णय से आवंटियों को राहत प्रदान होगी और एक मुश्त जमा करने पर विप्रा कोषमें वृद्धि होगी।

## दैनिक जागरण–दि0 20.04.2025

### वीडीए के सचिव ने जोनल अफसरों को दिया प्रशस्ति पत्र




अधिक राजस्व जमा कराने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र देते वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा व अन्य अधिकारी • जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा ने जोन तीन, चार और पांच की समीक्षा में अधिक राजस्व व मानचित्र स्वीकृत कराने वाले जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को प्रशस्ति पत्र दिया है। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव ने सबसे अधिक 18 मानचित्र स्वीकृत कराए तो जोन चार के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने सबसे अधिक राजस्व एक करोड़ 60 लाख 74,189 रुपये राजस्व जमा कराया। अन्य जोनल अधिकारी और अभियंता को कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा गया है।

विभागीय समीक्षा में पाया गया कि जोन एक ने नौ मानचित्र स्वीकृत कराते हुए 89 लाख 89,908 रुपये, जोन दो ने 10 मानचित्र स्वीकृत कराते हुए 85 लाख 25,021 रुपये राजस्व जमा कराया।

## दैनिक जागरण–दि0 20.04.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटन पत्रों के भुगतान की अवधि में बढ़ोतरी

जासं, वाराणसी : वीडीए की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर योजना के आवंटियों को निर्गत आवंटन पत्रों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि 11 मार्च के आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से एक माह के अंदर भूमि मूल्य की अवशेष धनराशि एकमुश्त जमा करने पर पांच प्रतिशत की छूट दी गई थी। पिछले दिनों कई अवकाश होने के चलते आवंटियों को तय राशि जमा करने में परेशानी हुई। बताया कि तय अवधि से एक सप्ताह समयसीमा बढ़ाई गई है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 20.04.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटन पत्रों के भुगतान की अवधि में वृद्धि

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अन्तर्गत आवंटियों को निर्गत आवंटन पत्रों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 11.03.2025 के अनुपालन में, आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से 01 माह के अन्दर भूमि मूल्य की अवशेष धनराशि एकमुश्त जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई थी।हालांकि, कतिपय आवंटियों द्वारा यह अनुरोध किया गया था कि अत्यधिक सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया जा सका है। इस संदर्भ में, वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा उक्त अनुरोध पर विचार करते हुए यह आदेशित किया है कि, उपरोक्त संदर्भित निर्गत आवंटन पत्रों में 05 प्रतिशत छूट की पात्रता प्राप्त करने के लिए, सम्पूर्ण बकाया धनराशि एकमुश्त जमा करने की निर्धारित अवधि में एक सप्ताह (07 दिन) की वृद्धि की जाती है।यह निर्णय सभी संबंधित आवंटियों के हित में लिया गया है, ताकि वे निर्धारित समय में अपनी बकाया राशि का भुगतान करके 05 प्रतिशत की छूट का लाभ प्राप्त कर सकें।

## न्यायाधीश–दि0 20.04.2025

### बनारस को जल्दी मिलेगी 'संगीत पाथवे' की सौगात, मंत्री रविंद्र जायसवाल ने परखी तैयारी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बनारस को 'संगीत पाथवे' का एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। फुलवरिया तिराहा से सेंटर जेल की दीवार के पैरेलर शिवपुर में लगभग डेढ़ किलोमीटर लम्बाई क्षेत्र में 15 फीट चौड़ी बन रहे इस संगीत पाथवे का लगभग 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। संगीत पाथवे पर बनारस घराने के संगीत लगातार बज रहे हैं, जो यहां पर आने वाले लोगों को एक अलग अनुभूति कराते रहेंगे।उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल शनिवार को विकास प्राधिकरण वीसी पुलकित गर्ग एवं कार्यदाई संस्था के अभियंताओं के साथ बन रहे इस संगीत पाथवे का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर रखे उपकरणों, वाद्य यंत्रों आदि को स्वयं बजाकर



देखा और उसे परखा। मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था के अभियंता को मंत्री रविंद्र जायसवाल ने निर्देशित करते हुए कहा कि शेष 10 फीसदी कार्य को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराए।मंत्री ने बताया कि इस संगीत पाथवे पर देश-विदेश में मशहूर बनारस घराने बड़े-बड़े संगीतज्ञों के चित्र बने हैं एवं उसे पर उनके जीवन चरित्र लिखे गए हैं। इससे बनारस के लोग प्राचीन संस्कृति और विरासत से जुड़े रहेंगे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 20.04.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटन पत्रों के भुगतान की अवधि बढ़ी

**वाराणसी।** वीडीए की तरफ से ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत आवंटियों को निर्गत आवंटन पत्रों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की स्वीकृति 11 मार्च 2025 के अनुपालन में, आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से एक माह के अंदर भूमि मूल्य की अवशेष धनराशि एकमुश्त जमा करने पर पांच प्रतिशत की छूट प्रदान की गई थी। हालांकि, कतिपय आवंटियों द्वारा यह अनुरोध किया गया था कि अत्यधिक सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया जा सका है। वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा उक्त अनुरोध पर विचार करते हुए यह आदेशित किया गया है कि, 'उपरोक्त संदर्भित निर्गत आवंटन पत्रों में पांच प्रतिशत छूट की पात्रता प्राप्त करने के लिए, सम्पूर्ण बकाया धनराशि एकमुश्त जमा करने की निर्धारित अवधि में एक सप्ताह की वृद्धि की जाती है।

## परफेक्ट मिशन–दि0 20.04.2025

### जोन 3 को सर्वाधिक मानचित्र व जोन 4 को सर्वाधिक धनराशि के लिए वीडीए सचिव ने दिया प्रशस्ति पत्र




परफेक्ट मिशन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन-03 को सर्वाधिक मानचित्र (18) स्वीकृत कराने तथा जोन-04 को सर्वाधिक धनराशी (रु. 1,60,74,189) जमा कराने हेतु शनिवार को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सचिव ने दोनों जोन के जोनल अधिकारियों की सराहना की और उनकी कार्यक्षमता को उजागर किया।विभिन्न जोनों द्वारा जमा की गई धनराशी और स्वीकृत मानचित्रों का विवरण इस प्रकार है

जोन-01
जमा धनराशी: रु. 89,89,908
स्वीकृत मानचित्र: 09

जोन-02
जमा धनराशी: रु. 85,25,021
स्वीकृत मानचित्र: 10

जोन-03
जमा धनराशी: रु. 1,60,44,543
स्वीकृत मानचित्र: 18

जोन-04
जमा धनराशी: रु. 1,60,74,189
स्वीकृत मानचित्र: 14

जोन-05
जमा धनराशी: रु. 50,81,678
स्वीकृत मानचित्र: 12

मौके पर अपर सचिव परमानन्द यादव , नगर नियोजक प्रभात कुमार , सभी जोन के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता उपस्थित रहे।